हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 21 अप्रैल 2024
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 एसजीजीयू ने शिक्षण विभाग के लिए तैयार किया नए 24 विषयों का पाठ्यक्रम



## खबर संक्षेप

### मतदान दलों का मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा स्वास्थ्य परीक्षण

**बलरामपुर।** लोक सभा निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दलों का गठन किया गया है। गठित मतदान दलों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी अस्वस्थता को व्यक्त करते हुए निर्वाचन दायित्वों से मुक्त करने हेतु निर्वाचन कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया जाता है। इस सम्बंध में उक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का मेडिकल बोर्ड (विशेषज्ञ डॉक्टरों) द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे अपर कलेक्टर कक्ष में आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया है कि मतदान दलों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मेडिकल बोर्ड(विशेषज्ञ डॉक्टरों) एवं आवश्यक उपकरण सहित स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### महिला ने दर्ज कराई गैंग रेप की शिकायत, जांच में निकली फर्जी

**अंबिकापुर।** शनिवार को महिला द्वारा की गई गैंग रेप की शिकायत के बाद दिनभर सरगुजा पुलिस परेशान रही। दिनदहाड़े गैंग रेप की घटना से पुलिस महकमें में भी हड़कंप मचा रहा और पुलिस संदेहियों को भी हिरासत में ले आई लेकिन जब महिला का नशा उतरा और उसकी चिकित्सकीय जांच कराई गई तो पूरी शिकायत की झूठी निकली जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र से दम्पति काम की तलाश में अंबिकापुर आया हुआ है। दम्पति मणिपुर थाना क्षेत्र के भिट्ठीकला में रुका हुआ है। शनिवार की सुबह शराब के नशे में धुत्त महिला हॉस्पिटल पहुंच गई और शिकायत दर्ज कराई की उसके साथ दिन दहाड़े गैंग रेप हुआ है। इस घटना की जानकारी मणिपुर पुलिस को देने के साथ ही महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिन दहाड़े गैंग रेप की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आला अधिकारी भी घटना की जांच में जुट गए लेकिन महिला नशे में धुत्त थी इस लिए वो ठीक से कुछ बता नहीं पा रही थी। इस दौरान पुलिस ने कुछ संदेहियों को भी हिरासत में ले लिया लेकिन कुछ घंटों बाद जब महिला का नशा उतरा और उसे पूछताछ करने के साथ ही चिकित्सकीय जांच कराई गई तो महिला की रिपोर्ट फर्जी निकली। महिला की शिकायत झूठी निकलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है लेकिन इस घटना के बाद दिन भर पुलिस हलाकान रही।

### मवेशी चराकर घर लौट रहे दामाद को सास-ससुर ने की जमकर पिटाई

**अम्बिकापुर।** पारिवारिक बात को लेकर सास,ससुर सहित रिश्तेदार ने मवेशी चराकर वापस लौट रहे दामाद की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चंदोरा थाना अंतर्गत ग्राम जजावल मनवारीपारा निवासी उमेश यादव गुरूवार को घर के मवेशियों को लेकर गिरीया जंगल के समीप चराने गया था। रात लगभग 9 बजे वापस घर आने लगा तभी रास्ते में सास लीलावती यादव,ससुर रामरूप यादव और चरण खैरवार ,बच्चन खैरवार मिले और आपसी पारिवारिक विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि चारों ने डंडे से उमेश यादव की जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख गांव के ही प्रभु यादव, पंचू यादव ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पत्नी कमला यादव मौके पर पहुंची और घायल पति को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने कलेक्टर को लिखा पत्र, ननि सरकार ने सौंपा ज्ञापन

# गांधी स्टेडियम में प्रशासन करा रहा हेलीपेड का निर्माण, खेल मैदान का बदला स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- निगम के जनप्रतिनिधियों को भी नहीं थी जानकारी

शहर में लोकसभा चुनाव के तहत होने वाली पीएम की आमसभा को लेकर चल रही तैयारियों के बीच शहर के एकमात्र सुसज्जित खेल मैदान गांधी स्टेडियम में हेलीपेड निर्माण का कार्य विवादों में आ गया है। जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम की निर्वाचित बॉडी को बिना कोई सूचना दिए रात के समय हेलीपेड का निर्माण बीच मैदान में शुरू कर दिया। निर्माण के कारण हरी घांस समाप्त कर दी गई और स्टेडियम के स्वरुप को ही बदल दिया गया। इस मामले को लेकर निगम सरकार ने अपनी आपत्ति जताई है और जनता की ओर से मिल रही प्रतिक्रियाओं के बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। निगम सरकार का कहना है कि शहर में एक मात्र खेल मैदान था जबकि पीएम के हेलीकॉप्टर शहर में अन्य स्थानों पर भी उतरवाए जा सकते थे। वहीं इस मामले पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी कलेक्टर को पत्र लिखकर खेल गतिविधियों के अतिरिक्त गांधी स्टेडियम में चल रहे अन्य कार्यों को रोकने की मांग की है। बता दें कि 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आम सभा शहर के पीजी कॉलेज मैदान में होने वाली है। पीएम के आगमन को लेकर भाजपा पार्टी द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही है इसके साथ ही जिला व पुलिस प्रशासन भी पीएम की सुरक्षा तैयारियों में जुटा हुआ है। इस बीच पीएम के हेलीकॉप्टर को लैंड कराने के लिए शहर के गांधी स्टेडियम में हेलीपेड का निर्माण कराया जा ⏭ शेष पेज 4 पर



स्टेडियम में हेली पेड का निर्माण करते कर्मचारी।

### सिंह देव ने कहा स्वागत लेकिन हेलीपेड बनाने के पक्ष में नहीं

गांधी स्टेडियम का स्वरुप बदलकर कांक्रीट हेलीपेड बनाने को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने अपने पत्र में कहा है कि मैं अंबिकापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करता हूं लेकिन गांधी स्टेडियम का उपयोग और हेलीपेड बनाए जाने के पक्ष में नहीं हूं। शहर का एकमात्र खेलगतिविधियों का केंद्र जहां सुबह शाम खिलाड़ियों के साथ ही युवा व गणमान्य नागरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से वॉकिंग करने के लिए आते है। ऐसे में खेल मैदान को राजनैतिक कार्यक्रम के लिए बर्बाद ना करें। हेलीपेड का निर्माण अन्य स्थानों पर भी किया जा सकता है। पूर्व से पुलिस लाइन व पीजी कॉलेज में हेलीपेड बने हुए है और ज्यादा असुविधा ना हो तो दरिमा हवाई पट्टी भी नजदीक है। उन्होंने खिलाड़ियों, खेल संघों, आम नागरिकों की ओर से हेलीपेड का निर्माण रोकने व अन्य स्थान पर निर्माण कराने का आग्रह किया है।

### होते है खेल आयोजन, करते है लोग मॉर्निंग वॉक

शहर के बीच गांधी स्टेडियम ही एक ऐसा स्थान है जहां शहर के लोग अपना समय व्यतीत करते है। गांधी स्टेडियम के ग्राउंड में क्रिकेट के साथ ही फुटबॉल मैच के आयोजन कराए जाते है। वहीं इस परिसर में अन्य खेल भी होते है और सभी खेल गतिविधियों से जुड़े बच्चे खेल से पहले अपनी कसरत इसी मैदान में करते है। वहीं सुबह शाम हजारों की संख्या में लोग इस परिसर में टहलने के लिए आते है। आज भी सुबह लोग घूमने व खेलने के लिए गांधी स्टेडियम पहुंचे तो मैदान में हेलीपेड का निर्माण चल रहा था। ऐसे में खिलाडियों व आम नागरिकों को गांधी स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया गया।

### कलेक्टर को ननि ने सौंपा ज्ञापन



गांधी स्टेडियम में हेलीपेड निर्माण व खेल मैदान का स्वरुप परिवर्तित करने को लेकर ननि महापौर डॉ. अजय तिर्की, जिपं उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, ननि सभापति अजय अग्रवाल के नेतृत्व में ननि के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों व खेल संघों के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ननि महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि निगम में एक निर्वाचित बॉडी है लेकिन हमें इसकी जानकारी नहीं दी गई। रात से ही लोगों के फोन आ रहे थे और जब हमने निगम के अधिकारियों से बात की तो उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी। आज सुबह जब तक हम गांधी स्टेडियम पहुंचते हेलीपेड आधा बन चुका था। इसलिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। हम पीएम के कार्यक्रम का विरोध नहीं करते है लेकिन निगम आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और इसतरह गांधी स्टेडियम में बदलाव करने से इसके सुधार में निगम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिपं उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि पीएम का सरगुजा में स्वागत है लेकिन शहर में अन्य वैकल्पिक स्थान भी मौजूद है। इस तरह से खेल मैदान को ना खोदा जाए लोगों की भावनाओं को आहत ना किया जाए। ये जनभावना के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इस लिए प्रशासन से आग्रह किया गया है कि काम रोका जाए और स्टेडियम को पुनः उसी स्वरुप में दिया जाए।

### सुरक्षागत कारणों से किया गया चयन : कलेक्टर

गांधी स्टेडियम में चल रहे हेलीपेड निर्माण व मैदान का स्वरूप बदलने को लेकर शुरू हुए विरोध के बाद जिला प्रशासन ने अपना पक्ष रखा है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विलास भोस्कर ने बताया कि प्रधानमंत्री आगमन में उच्च सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्धारित नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होता है। निर्धारित प्रोटोकॉल एवं उच्च सुरक्षा व्यवस्था के मानकों पर केवल गांधी स्टेडियम स्थल उचित पाए जाने पर उसका चयन किया गया है और इन्हीं नियमों के अनुरूप गांधी स्टेडियम में हेलीपैड तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना और जिले के आमजन की सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। 25 अप्रैल को ही जिले के खिलाड़ियों एवं आमजन की सुविधा के मद्देनजर मैदान को प्रशासन द्वारा पूर्ववत अवस्था में कर दिया जायेगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी कर दिया गया है।


# चार-चार डॉक्टरों वाले अस्पताल में चौकीदार कर रहा मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रघुनाथपुर पीएचसी का मामला, इंजेक्शन लगाने का वीडियो हुआ वायरल, रात के समय ड्यूटी पर नहीं थे चिकित्सक

जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं अब चौकीदारों के जिम्मे हो गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि रघुनाथपुर पीएचसी में मरीजों को चौ की दा र ही इंजेक्शन लगा रहे है चिकित्सक नदारद है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह अस्पताल चार चार चिकित्सकों वाला पीएचसी है जो एनएच के किनारे मौजूद है लेकिन एक भी डॉक्टर ड्यूटी पर नजर नहीं आ रहा है। चौकीदार द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच कराने की बात कह रहे है लेकिन यदि चौकीदार के भरोसे अस्पताल को छोड़ दिया जाए तो किसी भी दिन कोई बड़ी घटना हो सकती है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात बटवाही यादव पारा निवासी सीताराम यादव के पेट में दर्द हो रहा था जिसके बाद परिजन रात दस बजे मरीज को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर पहुंचे थे लेकिन जब मरीज को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे अस्पताल में एक भी डॉक्टर इमरजेंसी ड्यूटी पर नहीं था। इसके साथ ही अस्पताल के अंदर एक चौकीदार मौजूद था जो पहले से मौजूद मरीजों का उपचार करने के साथ ही उन्हें इंजेक्शन भी लगा रहा था। ऐसे में मरीज के परिजन ने आपत्ति दर्ज कराते हुए घटना का वीडियो बना लिया। नियमतः रात के समय आपातकालीन कक्ष में डॉक्टर की ड्यूटी ⏭ शेष पेज 4 पर





### सर्वाधिक चिकित्सकों वाला पीएचसी

रघुनाथपुर पीएचसी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के किनारे है ऐसे में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के सर्वाधिक मामले इसी अस्पताल में आते है। वहीं रघुनाथपुर से बड़ी संख्या में मरीज अस्तपाल आते है। यही वजह है कि पीएचसी में एक नहीं बल्कि चार-चार डॉक्टर तैनात किए गए है। अस्पताल में एक एमबीबीएस, एक आरएमए, एक आयुर्वेदिक व एक यूनानी चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन विडंबना यह है कि डॉक्टर ड्यूटी से नदारद है और वार्ड ब्याय भी नहीं एक चौकीदार मरीजों का उपचार कर रहा है। नियमतः चिकित्सकों का ड्यूटी रोस्टर बनाया जाता है और दिन व रात के समय अलग अलग डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाती है ताकि स्वास्थ्य सुविधा प्रभावित ना हो लेकिन इस पीएचसी में चार डॉक्टर होने के बाद भी मरीजों को उपचार सुविधा नहीं मिल पा रही है। वहीं डॉक्टरों की लापरवाही का यह पहला हमला नहीं है। हाल ही में डॉक्टरों के अस्पताल से गायब रहने की शिकायत अधिकारियों से की गई थी लेकिन रामनवमी का अवकाश होने का हवाला देकर मामले को रफा दफा कर दिया गया।

### कराई जाएगी जांच

मामले की शिकायत नहीं की गई है। अगर ऐसा है तो यह पूर्ण रूप से गलत है। जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. आरएन गुप्ता
सीएमएचओ

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच की महिला की पैतृक जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार, पूर्व में एक आरोपी जा चुका है जेल

फर्जी दस्तावेज तैयार कर महिला की पैतृक भूमि की बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने महिला के नाम से फर्जी मुख्तारनामा बनवाकर जमीन की रजिस्ट्री दूसरे व्यक्ति के नाम पर दी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश लम्बे समय से की जा रही थी। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला मीना कुमारी के कब्जे व स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 7 कुल रकबा 1.0570 हेक्टेयर भूखंड दरिमा में स्थित है। उक्त भूमि में से खसरा नंबर 158/1रकबा 0.215 हेक्टेयर मे से 0.195 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 235 रकबा 0.308 हेक्टेयर भूखंड कों कृष्णा यादव द्वारा मीना कुमारी के नाम से फर्जी मुख़्तारनामा अपने नाम पर बनवाकर मोहम्मद वसीम के नाम पर 23 मई 2023 को बेच दिया गया था। जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद महिला को घटना की जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया। विरोध करने पर आरपी कृष्णा यादव व अन्य आरोपी द्वारा महिला के साथ अभद्र व्यव्हार करना शुरू कर दिया ऐसे में महिला ने 21 जून 2023 को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। महिला की पैतृक जमीन को हड़पने की शिकायत थाने में की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने कुंदीकला निवासी 42 वर्षीय कृष्णा यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि उसके साथी नवागढ़ निवासी 40 वर्षीय सैय्यद इम्तियाज अली की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने साइबर सेल द्वारा मिली तकनीकी सहायता व मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर घेराबंदी कर इम्तियाज अली को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सेतराम गहिर, एएसआई अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, रामचंदर कुजूर, महिला आरक्षक अंजलि चौधरी, आरक्षक मनीष सिंह, अकलेश यादव, दुर्गेश राजवाड़े, राज जायसवाल, राजीव एक्का, भूपेंद्र सिंह शामिल रहे।



### वाहन की टक्कर से अज्ञात युवक की हालत नाजूक

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम अखोरा मे आज दोपहर युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना को देख आसपास के लोगों ने घटना की सूचना संजीवनी 108 को दी। सूचना पर संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां अज्ञात युवक की उपचार जारी है।





# बस से की जा रही थी गांजा तस्करी, वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया युवक

- जांच के दौरान भाग रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा, वाड्रफनगर चौकी का मामला

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले की वाड्रफनगर पुलिस ने जांच के दौरान बस से गांजा तस्करी कर रहे युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जांच नाका में बस के रुकते ही युवक झाड़ियों की तरफ भागने का प्रयास कर रहा था जिसे पकड़कर पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसके पास से साढ़े पांच किलो गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 41 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बॉर्डर क्षेत्रों में दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस दौरान एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेश बरैया, एसडीओपी रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में वाड्रफनगर चौकी पुलिस द्वारा अंबिकापुर बनारस मुख्य मार्ग पर चौक के सामने वाहन चेकिंग प्वाइंट लगाया गया था। इस दौरान जब पुलिस ने वासुदेव बस सर्विस की बस को रोककर तलाशी ली तो तलाशी के दौरान एक युवक बस से उठकर बैग के साथ चौकी के पीछे झाड़ी की ओर भागने लगा ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर युवक ने बैग में गांजा होने की जानकारी दी। पुलिस द्वारा जांच के दौरान बैग में रखा 5 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद करने के साथ ही आरोपी युवक उत्तर प्रदेश के बनारस रोहनिया मनिहारीपुर निवासी प्रमोद राय आ. छविनाथ राय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 41 हजार 250 रुपए का गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह, सउनि मानसिंह मरकाम, राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक पेत्रुस तिर्की, आरक्षक जुगेश जायसवाल, आरक्षक शिवपटेल, आरक्षक दुर्योधन सिंह, आरक्षक श्रीकांत यादव शामिल रहे।

## स्क्रूटनी के बाद शुरू हुआ मान मनौवल का दौर, 22 तक नाम वापसी

# एक नामांकन पत्र किया गया निरस्त, 12 पाए गए विधिमान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव के तहत नामांकन पत्रों के स्क्रूटनी की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्ण की गई। आरओ द्वारा की गई नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद बसपा से आवेदन करने वाले एक अभ्यर्थी के नामांकन पत्र को अमान्य कर दिया गया। अभ्यर्थी द्वारा नामांकन के साथ फॉर्म ए व बी जमा नहीं किए जाने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी ने फार्म को निरस्त कर दिया जिसके बाद अब लोकसभा चुनाव के लिए फिलहाल 12 अभ्यर्थी मैदान में है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी पूर्ण होने के बाद नाम वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 22 अप्रैल तक जारी रहेगी। इस बीच अभ्यर्थियों को नाम वापसी के लिए मान मनौवल का दौर भी शुरू हो गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए सरगुजा संसदीय सीट से चल रही नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत 19 अप्रैल को नामांकन फार्म जमा करने का समय समाप्त हुआ। चुनाव के लिए कुल 14 लोगों ने नामांकन फार्म लिया था लेकिन अंतिम समय तक सिर्फ 13 अभ्यर्थियों ने ही अपना नामांकन फार्म जमा किया। नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत शनिवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी शनिवार को सुबह 11 बजे से की गई। सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर द्वारा द्वारा नाम निर्देशन पत्र की स्क्रूटनी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष की गई। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लुण्ड्रा श्री सुनील नायक, एआरओ सीतापुर श्री रवि राही एवं एआरओ अंबिकापुर श्री फागेश सिन्हा सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्क्रूटनी के दौरान बहुजन समाज पार्टी से नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थी प्रकाश किस्पोट्टा द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रारूप ए एवं बी प्रस्तुत नहीं किया गया ऐसे में नामांकन पत्र विधिमान्य नहीं पाया गया और नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी पूर्ण होने के बाद अब मान मनौवल का दौर शुरू हो गया है। दोनों ही राजनैतिक पार्टियां निर्दलीय व छोटे दलों के प्रत्याशियों को मानाने में लग गई है ताकि उनके वोटबैंक पर असर ना पड़े। अभ्यर्थी 22 अप्रैल की दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस ले सकते है इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा।



### ये प्रत्याशी है मैदान में

शनिवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद कुल 12 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से चिंतामणि महाराज, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शशि सिंह कोराम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से लक्ष्मण सिंह उदय, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार, हमर राज पार्टी से अनुक प्रताप सिंह, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से श्रीमती कांता मिंज, भारत आदिवासी पार्टी से जेरोम मिंज और निर्दलीय प्रत्याशियों में बलासियुस तिग्गा, अरविंद कच्छप, श्रीमती उर्मिला सिंह, प्रिंस अभिषेक कुजूर व रामाधार सिंह शामिल है।

## खबर संक्षेप

### बरदर डेम में डूबने से बालक की मौत

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खड़गवां थानांतर्गत बांध में नहाने गए एक किशोर की मौत गहरे पानी में डुबने से हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 19 अप्रैल को खड़गवां चनवारीडांड़ स्थित बरदर डैम में एक किशोर अपरान्ह 4 बजे के लगभग नहाने के लिए गया था, जहां वह नहाते हुए गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डुबने से मौत हो गई। मृतक अमन की उम्र 14 वर्ष बताई जा रही है, जो कि खड़गवां स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कक्षा 9 वीं का छात्र था। घटना की खबर के बाद परिजनों में शोक की लहर फैल गई। वहीं पुलिस को सूचना मिलने पर शव को बांध के पानी से बाहर निकाला व पीएम के लिए भेज दिया गया । पुलिस मामले को विवेचना कर जांच पड़ताल में जुट गई।

### आंध्र समाज ने मनाया श्रीराम नवमीं उत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** आंध्र समाज मनेन्द्रगढ़ द्वारा श्रीराम नवमीं पूजा उत्सव का आयोजन रेल्वे इंस्टीट्यूट मनेन्द्रगढ़ में किया गया। उत्सव में पारंपरिक रूप से नवमीं तिथि को श्रीराम दरबार की स्थापना की गई। सुंदरकांड का पाठ, बारात भ्रमण उपरांत, संध्या काल शुभ मुहूर्त में श्रीराम जानकी का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर वर पक्ष से एलव्ही रमना एवं श्रीमती दमयंती राव तथा वधू पक्ष से पी रमना राव एवं पी कल्याणी राव द्वारा विशाखापटनम से आए आचार्य के वैदिक मंत्रोचार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। तथा मिष्ठान एवं खट्टा चावल का वितरण कराया गया। दसवीं तिथि को प्रातः श्रीराम जी के पट्टाभिषेकम किया गया। दोपहर बाद दक्षिण भारतीय व्यंजन सांभर, चावल, सब्जी एवं खीर पंक्तिबद्ध बैठा कर खिलाया गया।

### मतदान के लिए किए प्रेरित, चेकपोस्ट का निरीक्षण भी किया

# सबसे कम मतदाता वाले बूथ शेराडांड पहुंचे कलेक्टर



ग्रामीणों से मुलाकात करते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।



चेकपोस्ट का निरीक्षण करते कलेक्टर ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग प्रदेश के पहले विधान सभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत में स्थित मतदान केंद्र शेराडॉड फिर से सुर्खियों में रहेगा।

शेराडांड मतदान केंद्र छग का पहला मतदान केंद्र है जहॉ मतदान शुरू होने के कुछ ही देर में 100 फीसदी मतदान पूरा कर लिया जाता है इसी वजह से यह मतदान केंद्र खास है और यही कारण है कि प्रशासन की भी नजर इस मतदान केंद्र पर अधिक केंद्रित रहती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह शनिवार को भरी दोपहरी में सोनहत विकासखंड़ के दूरस्थ ग्राम शेराडांड़ पहुंचकर मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। श्री लंगेह लगातार जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में जाकर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में सोनहत विकासखंड़ के ग्राम शेराडांड़ पहुंच कर मतदाताओं से मुलाकात किए। शेराडांड़ में तीन परिवार के सदस्यों राम प्रसाद, दशरू, सिंगारो, सुमित्रा व महिपाल से मुलाकात कर मतदान करने के लिए उत्साहवर्धन किए। कलेक्टर श्री लंगेह ने अकलासरई में बनाए गए एसएसटी यानी स्थैतिक निगरानी दल स्टैटिक सर्विलांस टीम चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पानी व छांव की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर चेकपोस्ट में कार्यरत कर्मचारियों को जिम्मेदारी से काम करने के लिए उत्साहवर्धन किया।

मौके पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, सोनहत जनपद पंचायत सीईओ मनोज सिंह जगत सहित बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर उपस्थित रहे।

#### 2008 में दो मतदाताओ के लिए बना था केंद्र

जिले के सोनहत विकासखंड में स्थित शेराडांड तब देश भर में सुर्खियों में आया जब प्रशासन के द्वारा वर्ष 2008 में एक ही परिवार के पति-पत्नी दो मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र बनाया था। इस केंद्र में तब पहली बार ही 100 फीसदी मतदान संपन्न हुआ और उसके बाद जितने भी मतदान हुए सभी में 100 फीसदी मतदान होने का रिकार्ड भी बनता गया। अब 15 साल बीत जाने पर यहां परिवार का कुनबा बढ़ा और यहां इस बार मतदाताओ की संख्या बढ़कर 5 हो गई है जिनमें पुरूष मतदाताओ की संख्या 3 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 2 हो गई है।

#### ट्रेक्टर में पहुंचता है मतदान दल

भरतपुर सोनहत विधान सभा क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्र शेराडॉड तक पहुंचने के लिए सुगम रास्ता नहीं है इसके कारण मतदान संपन्न कराने जाने वाले मतदान दलों को इस मतदान केंद्र में ट्रैक्टर वाहन में सवार होकर पहुंचना पड़ता है। भरतपुर सोनहत विधान सभा क्षेत्र में ऐसे और कई मतदान केंद्र है जो दुर्गम क्षेत्र में स्थित है जहां तक मतदान दलों को ट्रेक्टर वाहन से ही पहुंचाया जाता है।

# जंगल में जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सोनहत पुलिस ने की कार्रवाई



जंगल में जुआ खेल रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से नगदी रकम भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहवार के द्वारा जिले में संचालित अवैध कारोबार पर अंकुश लगाकर लगातार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

मुखबीर की सूचना पर साइबर सेल बैकुंठपुर की टीम थाना सोनहत क्षेत्र अंतर्गत जंगल में छुपकर अवैध रूप से जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। 19 अप्रैल को साइबर सेल बैकुंठपुर में मुखबीर से सूचना मिली कि सोनहत के बसवाही जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहें। सूचना पर पुलिस तत्काल मुखबीर के बताए स्थान पर रेड कार्रवाई की। जहां मौके पर 3 जुआरी अमरनाथ उर्फ रिंकु पिता शिवकुमार चेरवा उम्र 24 वर्ष निवासी बसवाही स्कूलपारा, संतोष कुमार पिता राजकुमार चेरवा उम्र 19 वर्ष निवासी बसवाही स्कूलपारा एवं सोनालाल पिता शिवालाल उम्र 32 वर्ष निवासी बसवाही स्कूलपारा के द्वारा जुआ खेल रहे थे। आरोपियों को मुखबीर की सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। जुआरियों के पास से 3 नग मोबाइल कीमत 9500 रूपए, 3 नग मोबाइल कीमत 37000 रूपए एवं 2500 रुपए नगद रकम कुल 49000 रूपए जब्त किया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 75/2024 धारा 03 (1) जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत थाना सोनहत में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह में कोरिया पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा के कुल 6 प्रकरणों में कार्रवाई कर कुल 33 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन और वरिष्ठ अधिकारियों-कार्यालयों की मंशा के अनुरूप ही कोरिया में जुआ, सट्टा, शराब, एनडीपीएस और अन्य अवैध गतिविधियों पर

# पीएम श्री में जलेबी प्रतियोगिता

**चरचा कॉलरी।** पीएम श्री प्राथमिक शाला चरचा में समर कैंप के दौरान बच्चों ने जलेबी प्रतियोगिता में भाग लिया। चरचा कॉलरी के पीएम श्री प्राथमिक शाला में 1 से 30 अप्रैल तक समर कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें शिक्षा के साथ-साथ कई प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। समर कैंप प्रारंभ हुए 20 दिन शनिवार को हुआ। शनिवार के दिन कोरिया जिले के शिक्षा अधिकारी का दूसरी बार पीएम श्री स्कूल में दौरा किए। इस दौरान बच्चों ने शिक्षा अधिकारी के समक्ष जलेबी प्रतियोगिता कर अधिकारी को जलेबी खिलाकर समर कैंप के गेम का आनंद उठाया। समर कैंप राजू मंडल के देख-रेख में आयोजित किया गया है, इससे खुश होकर जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें सम्मानित किया।




# रामानुज महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला स्वीप समिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में कोरिया का अभियान, शत-प्रतिशत मतदान अभियान के तहत जिलेभर में मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

प्राचार्य डॉ.एसी गुप्ता के संरक्षण, जिला संगठक प्रो.एमसी हिमधर के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति गुप्ता, स्वीप नोडल प्राध्यापक तथा कार्यक्रम अधिकारी पुरूष इकाई अनुरंजन कुजूर एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब प्रभारी डॉ. जीके मिश्रा के संयोजन में स्वीप अंतर्गत युवा मतदाताओं के लिए रंगोली, मेंहदी, वाल पेंटिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कुमारी पूजा पंकज के द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी गई। प्रथम चरण में महाविद्यालय प्रांगण में वोट के आकार पर मानव श्रृंखला बनाई गई और युवा मतदाताओं को प्रो.एमसी हिमधर द्वारा मतदाता शपथ दिलवाया गया। जिला स्वीप समिति कोरिया से प्राप्त आओ चलो वोट करें, वोट करें गर्व करें थीम पर बनाए गए मोबाइल स्टीकर को सभी के मोबाइल के पीछे लगवाकर सात मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी रीता एमए तृतीय सेमेस्टर हिंदी, द्वितीय स्थान मंजूरानी राजवाड़े एवं तृतीय स्थान निशा मिश्रा एम कॉम तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। स्वीप मेंहदी में प्रथम स्थान कु. तनुप्रिया यादव बीएससी तृतीय, द्वितीय स्थान आरती कुर्रे बीए अंतिम एवं तृतीय स्थान संगीता यादव बीएससी अंतिम ने प्राप्त किया।







20 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/20/2024 9:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### रजा यूनिटी फाउंडेशन ने 120 रोजेदार बच्चों को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** रजा यूनिटी फाउंडेशन द्वारा 120 नन्हें रोजेदार बच्चों को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन द्वारा इस साल रमजान के पवित्र महीने में शहर के सभी हॉस्पिटल, मुसाफिर खाना, रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड में बाहर से आए मरीजों, उनके परिजन सहित एक हजार से अधिक लोगों को इफ्तार, सेहरी व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई जिसमें जिला अध्यक्ष मंसूर आलम रजवी, आमीन हुसैन रजवी, समीर खान, अख्तर हुसैन, अमीन अंसारी, इकबाल मंसूरी, मतलुब हुसैन, मुहम्मद नूर, दिलेर अंसारी आदि ने भरपूर सहयोग किया। फाउंडेशन ने कुछ जरूरतमंदों व बच्चियों की शादी भी कराई। फाउण्डेशन हर साल रमजान में रोजा रखने वाले बच्चों को सम्मानित करता है। इस साल 11 साल से कम उम्र के रोजेदार बच्चों के हौसला अफजाई के लिए आलम बाग पार्क नवागढ में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष शादाब आलम रजवी, गुलाम मुस्तफा शमीमी, ताहिर हुसैन रजवी, साजीद अशरफ अशरफी, मोहम्मद असलम, रकीब गुलजार रिंकू, शहजाद अली शेख, अल्ताफ हुसैन, शहजेब आलम, आशिक हुसैन, रकीब अंसारी, सलमान अहमद, महफूज आलम, फिरोज खान, फैज अहमद मौजूद थे।

### यात्री प्रतिक्षालय में स्काउट गाइड ने यात्रियों को दिया गुड़ व पानी



**प्रतापपुर।** बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय में शाउमा विद्यालय करसी के स्काउट/गाइड, रोवरो एवं रोवर लीडर विनय कुमार तिवारी , स्काउट मास्टर सुनिल लकडा, विकास खण्ड सचिव स्काउट/गाइड प्रेम सिंधु मिश्रा द्वारा चिलचिलाती गर्मी में गुड के साथ पानी पिला कर यात्रियों को राहत पहुंचाया। व्यवसायी नवीन सिंघल द्वारा गुड़ की व्यवस्था किया गया था। इस तरह से प्रत्येक दिन विकास खण्ड के स्काउट/गाइड जो विभिन्न विद्यालयों से आकर सेवा दे रहे हैं। हर दिन अलग-अलग विद्यालयों के स्काउट-गाइड एवं प्रभारी की उपस्थिति में यह सेवा कार्य विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। तथा यात्री बस स्टैंड में प्रत्येक दिन रोजाना हजारों लोग प्याऊ सहित गुड का सेवन कर रहे हैं।

### कुदरगढ़ में पनिका समाज महासमिति ने श्रद्धालुओं को कराया जलपान



**मानीचौक।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर जिले के देवी धाम कुदरगढ़ में पनिका समाज महासमिति के तत्वाधान में कुदरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं को पूरे नवरात्रि में जलपान कराया गया। महासमिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कुदरगढ़ में आने वाले भक्तों के लिय जलपान का व्यवस्था किया जाता है। इस,वर्ष भी महासमिति ने आपसी आर्थिक सहयोग से जलपान कराने का निर्णय लिया और पूरे नवरात्र में श्रद्धालुओं को नींबू पानी, गुड़, चना खिलाया वहीं नवरात्र के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राजकुमार , सीताराम, श्याम बिहारी, सुखलाल राम, राजेंद्र प्रसाद, बघोलन राम, शीतल राम, ईश्वर प्रसाद, जेठू राम, जयप्रकाश, रेवती सहित पनिका समाज के कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## कई संस्थाओं में मानक अनुरूप नहीं मिले अग्निशमन यंत्र

# दमकल विभाग की टीम ने दो माह के भीतर ही 271 संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में पारा बढ़ने से अब गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाएं अन्य मौसम की अपेक्षा अधिक होती है। ऐसे में आगजनी पर काबू पाने के लिए सुरक्षा जरूरी है। इसी के मद्देनजर दमकल विभाग की टीम ने आगजनी की घटनाएं न हो इसके लिए शहर के विभिन्न संस्थाओं की जांच की। दो माह के भीतर ही दमकल टीम ने कुल 271 संस्थाओं का निरीक्षण किया जिसमें अधिकांश संस्थानों में अग्निशमन यंत्र दुरूस्त नहीं पाए गए जिस पर टीम ने अग्निशमन यंत्र को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। हालांकि दमकल विभाग की टीम ने अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के दौरान कई संस्थाओं में कैंप लगाकर लोगों को आग से बचाव की जानकारी दी। वहीं आज अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया।

**खास बात**

- अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह में विभिन्न संस्थाओं में आगजनी से बचाव के लिए दी जानकारी

दमकल विभाग द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। अग्निशमन सुरक्षा के दौरान दमकल विभाग की टीम ने जिले में आगजनी की घटना न हो तथा लोग जागरूक हो इसके लिए स्कूल, कॉलेज, निजी संस्था सहित कई संस्था में कैप लगाकर जागरूक किया है। दमकल प्रभारी अंजनी तिवारी ने बताया कि अग्निशमन सुरक्षा के पहले दिन शहर में रैली निकाली गई। 15 अप्रैल को शहर के विभिन्न हाट बाजारों में लोगों को पंपलेट वितरण कर आग से बचाव के लिए जागरूक किया गया। 17 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आईटीआई में आग और बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 3 सौ छात्र व 33 शिक्षक मौजूद थे। उन्होंने बताया कि घर में अधिकांश शार्ट-सर्किट व घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने की घटना होती है। अचानक घर में गैस सिलेंडर में आग लग जाने से लोग डर कर घर से बाहर निकल जाते है जिससे आग पूरे घर में फैल जाती। उन्होंने आईटीआई परिसर में ही गैस सिलेंडर में आग लगा बचाव के नियम बताए। दमकल टीम की निगरानी में कई शिक्षक व छात्रों ने आग लगी सिलेंडर को फायर फाइटर से बुझाया। वहीं दमकल टीम ने 17 अप्रैल को भीड़ भाड़ वाले जगह पर कैंप लगाकर लोगों को भीड़ मे आग लग जाने पर पहले खुद को कैसे बचाएं और दूसरों को कैसे मदद करें इस संबंध में विस्तार से बताया। आज अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया। इससे पूर्व नगर सेना, अग्निशमन के अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा जारी आदेश एवं संभागीय सेनानी के निर्देशन व जिला अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी की टीम द्वारा शहर के निजी व शासकीय 271 संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। टीम ने मार्च माह में 168 एवं अप्रैल माह में 103 संस्थाओं का निरीक्षण किया जिसमें कई संस्था ऐसे थे जहां अग्निशमन यंत्र व्यवस्थित नहीं थे। जबकि कुछ संस्था में आगजनी के निपटने किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं थी जिस टीम ने संस्था को फायर फाइटर स्थापित करने के निर्देश दिए। संस्थानों के निरीक्षण फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी, अमर साय एक्का, फायरमैन गौरव पाठक, गुलशन तिवारी, राजू गोस्वामी, विकास पाण्डेय द्वारा एक टीम बनाकर,फायर आडिट किया गया। संस्था में कमियां पाए जाने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया और खाली अग्निशामक यंत्रों को रिफिल करने हेतु निर्देशित किया गया।



आग बुझाने का तरीका बताते दमकलकर्मी।

### उच्चाधिकारी को ग्रुप में देते थे जानकारी

फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संस्थाओं का निरीक्षण हर रोज किया गया। निरीक्षण की जानकारी उच्चाधिकारियों के वाट्सअप ग्रुप में भेज उन्हें अवगत कराया गया गया।

### वाहनों की होगी जांच

गर्मी में आगजनी की घटनाएं अधिक होती है। ऐसे में यात्री बस, ऑटो, स्कूल बस व वैन सहित अन्य वाहनों की जांच की जाएगी। साथ ही जिन संस्थानों में कमियां पाई गई है उसका भी निरीक्षण किया जाएगा।

-अंजनी तिवारी, दमकल प्रभारी

# कोल वर्करों को भी अब देना होगा ऑनलाइन एसीआर

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया व उसके सहयोगी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अब अधिकारियों की तरह अब ऑनलाइन एसीआर एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट भर कर जमा करना होगा।बताया जाता है कि पहले एसीआर ऑफलाइन दी जाती थी।ऑफलाइन व्यवस्था होने की वजह से कोल कर्मी दो वर्ष का एसीआर एक साथ भरते थे।जबकि अब नई व्यवस्था में सैप के जरिए एसीआर ऑनलाइन भरना होगा।इसको लेकर कोल इंडिया ने अपने सभी सहयोगी कंपनियों को दिशा निर्देश गत दिनों जारी कर दिया है।इसमें ऑनलाइन सालाना गोपनीय प्रतिवेदन के माध्यम से कोयला कर्मियों के प्रदर्शन की समीक्षा होगी जो कामगार को मिलने वाले पदोन्नति सहित अन्य महत्वपूर्ण मामलों में उक्त गोपनीय प्रतिवेदन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।गौरतलब है कि इसके पहले केवल कोयला कम्पनी के अधिकारी ही ऑनलाइन एसीआर फाईल जमा करते रहे जबकि कंपनी के नए आदेश में अब कर्मचारियों के लिए भी एसीआर फ़ाइल करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क./51/अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री रामनिवास अग्रवाल आ. श्री मदन लाल अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 518/9 रकबा 0.056 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 22/04/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सीतापुर जिला-सरगुजा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

कमांक 611/अ.वि.अ./ वाचक-3/2024 सीतापुर दिनांक 18/04/2024

**ज्ञापन**

प्रति,
राजस्व निरीक्षक,
सीतापुर, जिला सरगुजा

विषय- भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जांच प्रतिवेदन एवं कर निर्धारण पत्रक प्रस्तुत करने के संबंध में।

आवेदक श्री रामनिवास अग्रवाल आ. श्री मदन लाल अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम सीतापुर तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम मुरता, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 53/6, 53/4 रकबा क्रमश 0.242, 0.567 कुल रकबा 0.809 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) में व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप उक्त भूमि के संबंध में जांच प्रतिवेदन एवं कर निर्धारण पत्रक एवं स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 22/04/2024 के पूर्व अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें एवं सेटलमेंट रिकार्ड में उक्त भूमि किसके नाम पर है उसका भी उल्लेख करें तथा उक्त भूमि यदि किसी अन्य प्रयोजन अथवा भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित हो तो उसका भी उल्लेख करें।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

# भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के तहत छत्तीसगढ़ सहित समस्त मध्य भारत में मार्च से मई तक सामान्य से अधिक तापमान होने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश के अधिकांश भाग भीषण गर्मी व लू से प्रभावित रहेंगे। ऐसे में हीट वेव लू तापघात से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा योजनाबद्ध तरीके से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा भीषण गर्मी से तैयारी एवं बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को दिए गए हैं। बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए कलेक्टर द्वारा नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों को पेयजल प्रबंधन पर विशेष फोकस करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्र में लू से प्रभावित मरीजों के परीक्षण एवं इलाज हेतु उचित प्रबंधन तथा लू या हीट वेव से बचने के उपाय का प्रचार प्रसार करने हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया गया है।कलेक्टर द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को प्राथमिकता वाले स्थान अस्पताल व अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल शामिल हैं वहां निर्बाध बिजली व्यवस्था हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रीष्म ऋतु की इस अवधि में अग्निशमन विभाग को भी पर्याप्त संसाधन व कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी संचार उपकरण,आगजनी से जुड़ी कोई भी घटना, संदेश या चेतावनी प्राप्त होनी है कि उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही श्रम, शिक्षा, पशु चिकित्सा, परिवहन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, जल संसाधन सहित अन्य विभागों को विभागवार उनकी संरचना एवं कार्य प्रणाली के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने जिले के लोगों को भीषण गर्मी के दुष्प्रभाव से बचने के लिए दोपहर 12 से 3 बजे के समय सावधानी रखें, शरीर को डिहाइड्रेशन से बचायें और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात कही।



## एसआरवीएम क्रिकेट टीम हुई मध्य प्रदेश रवाना

**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर के अंडर-17 क्रिकेट टीम एम पावर द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो चुकी है। अंतर्विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 अप्रैल को छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में किया जा रहा है। एम पावर द्वारा प्रतिवर्ष अलग-अलग खेलों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य राज्यों में संचालित विद्यालय के प्रतिभागी भाग लेते हैं। इस बार प्रतियोगिता में कोरबा, गोंदिया संबलपुर, महासमुंद, सूरजपुर, छिंदवाड़ा, कांकेर की कई टीमें भाग ले रही है। साधुराम विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप प्राचार्य डीडी तिवारी ने कोच सुरेश कुमार एवं संजय सिदार के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भाग ले रहे। आज प्रतिभागियों को रेलवे स्टेशन विश्रामपुर से छिंदवाड़ा के लिए रवाना किया गया।



## पतरापारा में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**रामनगर/बिश्रामपुर।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर पतरापारा निवासी सुरेश कुमार सिंह आ.सुधु सिंह (36 वर्ष) ने घर से 500 मीटर की दूरी पर स्थित पेड़ पर फांसी लगा ली। सूचना पर पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिवार को सौंप दिया है पुलिस ने बताया कि दो-तीन सालों से मृतक की दिमागी हालत ठीक नही थी। वह भोर में शौच के लिए घर से निकला था तथा कुछ दूरी पर स्थित परसा के पेड़ पर फांसी लगा ली।

TOP IN SURGUJA

क्या आप परेशान है इन सबसे
- उदासी
- चिन्ता
- घबराहट
- डर
- चिड़चिड़ापन
- नशे की लत
- मंद बुद्धि
- सेक्स समस्या
- याददाश्त की कमी
- शक करना
- पागलपन
इन सभी समस्याओं के लिए सम्पर्क करें
यदि आप उपरोक्त लक्षणों में से किसी एक से पीड़ित है तो आपको जाँच की आवश्यकता है
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
आपके शहर अम्बिकापुर सुप्रसिद्ध जाने माने मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
डॉ.रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS BANGALORE)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
24 HOUR
दिनांक - 16 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024, समय: सुबह 10 बजे से 3 बजे तक शाम: 5 बजे से 8 बजे तक
पता बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर
9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्धति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीप:- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

# जयनगर में डोर टू डोर पहुंचकर ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला प्रशासन द्वारा संचालित स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या जयनगर के प्रधानपाठक हर्ष नारायण शर्मा के नेतृत्व में ग्राम कांसापारा जयनगर बिंझिया बस्ती पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम कांसापारा के गली -मोहल्लों में बच्चों के द्वारा विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से नारे लगाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामवासियों को जागरूक किया गया।

इस दौरान सभी शिक्षक व बच्चों के द्वारा अलग अलग टीम बनाकर डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को उनकी स्थानीय बोली का प्रयोग कर आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का संदेश उनके पालकों तक पहुंचाने व जन समुदाय को अधिक से अधिक जागरूक करने के उद्देश्य से माध्यमिक शाला कन्या जयनगर के समस्त स्टाफ के द्वारा प्राथमिक शाला जयनगर, प्राथमिक शाला बरपारा, प्राथमिक शाला चट्टीडांड व प्राथमिक शाला कांसापारा में न्योता भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को पूरक पोषण के रूप में नमकीन, मीठा व फल वितरित किया गया। इस मुहिम में प्राथमिक शाला जयनगर के प्रधान पाठक मैना वर्मा, प्राथमिक शाला चट्टीडांड के प्रधान पाठक गौतम शर्मा, प्राथमिक शाला बरपारा के प्रधान पाठक संगीता विश्वास और प्राथमिक शाला कांसापारा के प्रधान पाठक उत्तम श्रीवास्तव के साथ ही प्रधान पाठक विनिता सिंह एवं अन्य शिक्षक सीमा सोनी, रीता देवी, गरिमा श्रीवास,लौकेश कुमार साहू व अन्य का योगदान रहा।



## विद्यार्थी परिषद् ने निकाली भारत गौरव रथ यात्रा

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पीजी कॉलेज से भारत गौरव रथ यात्रा निकाली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह अजय मिश्रा ने केसरिया ध्वज दिखाकर रथ को रवाना किया। रथ यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता अभियान में सबसे पहले मतदान फिर जल-पान के नारे द्वारा लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। रथ यात्रा बलरामपुर, जशपुर, सीतापुर, कुनकुरी, पत्थलगांव भ्रमण कर कॉलेज व गांव-मोहल्लों में लोगों को मतदान केन्द्रों में जाकर वोट देने के लिए प्रेरित किया।



सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केंद्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

## खबर संक्षेप

### डीजीएमएस ने लू व बढ़ते तापमान से कोल कर्मियों के बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**बिश्रामपुर।** वर्तमान में जारी लू व उच्च तापमान के सम्पर्क में आने से होने वाली घटनाओं से खदानों में काम करने वाले कामगारों को बचाव के लिए खान सुरक्षा महानिदेशक धनबाद ने खदानों के मालिक,एजेंट व प्रबंधकों को एडवाइजरी जारी कर कामगारों के स्वास्थ्य के जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने और खदानों में गर्मी की स्थिति का प्रभावी ढंग से प्रबंधन के लिए बारह बिंदुओं में सावधानियां बरतने को कहा है।इसमें कर्मचारी को कार्य के दौरान कोई असुविधा महसूस हो तो कार्य की गति धीमी किए जाने की सुविधा देने व रेस्ट शेल्टर कार्य स्थल के निकट स्थित होने,कामगारों को हर पंद्रह बीस मिनट में पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करने,ब्लॉकर्स,उचित सुरक्षात्मक कपड़े व छाया का उपयोग करने,कामगारों को हार्ड जॉब प्रशासनिक नियंत्रण लागू करने व दिन के कम गर्मी वाले समय में भारी कार्यों का काम शेड्यूल करने,भूमिगत खदान में बिना वेंटिलेशन अथवा अपर्याप्त वेंटिलेशन में कामगार को काम न करने,कर्मचारियों के बीच गर्मी के तनाव के लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाने,सभी कर्मचारियों को गर्मी तनाव की पहचान और रोकथाम पर आवश्यक प्रशिक्षण देने सहित पर्यावरणीय स्थितियों के नियमित निगरानी की बात कही गई है।डीजीएमएस ने जारी निर्देश परिपत्र में उल्लेख किया है कि खनिकों का स्वास्थ्य और उनका कल्याण सर्वोपरि है, सतर्क और सक्रिय रहकर हम सभी के लिए सुरक्षित और उत्पादक कार्य का वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

### बीईओ ने पुत्री के जन्मदिन पर स्कूल में कराया न्योता भोज



**बतौली/सेदम।** माध्यमिक शाला टेडगा में आज विकास खंड शिक्षा अधिकारी शरद चंद्र मेष पाल द्वारा न्योता भोजन दिया गया। शिक्षकों के माध्यम से एक दिन पूर्व सभी छात्र-छात्राओं को न्योता दिया गया था।आज का न्योता भोजन बीईओ श्री मेष पाल की पुत्री अदिति मेष पाल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री मेष पाल ने कहा मेरी बेटी आज यहां नहीं है लेकिन उसके अनुपस्थिति में पूरे 60 बेटे बेटियों के साथ जन्मदिन मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो सुखद संयोग है। उन्होंने कहा कि आज के बाद मेरे परिवार के सभी सदस्यों का जन्म दिन किसी न किसी विद्यालय में ही मनाया जाएगा। जन्मदिन समारोह या वैवाहिक वर्षगांठ मनाने का सबसे अच्छा स्थान विद्या का मंदिर है। बच्चों के साथ खुशिया मनाना परम सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ज्ञानवान,चरित्रं वान, और एक अच्छा इंसान बनाना हम सबका नैतिक दायित्व है। इसके लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होगा। शिक्षक तय कर लें कि बच्चों को शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के लिए स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन तथा मानसिक रूप से सक्षम बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को मीठा खिलाकर विदा किया गया।

### हनुमान मंदिर स्थापना दिवस पर निकाली प्रभात फेरी



**अम्बिकापुर।** हनुमान मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज सुबह 7 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। उसके पश्चात 10 बजे से मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। पूजा व आरती पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष प्रसाद मेहता,सचिव अम्बिका सोनी, दीपक जायसवाल, सागर गुप्ता, सम्पत गुप्ता, पुष्पक सोनी, अमित जायसवाल, महेंद्र सोनी, मंजय शर्मा, विनोद गुप्ता, शारदा सोनी, नगवंत जायसवाल,रूपा गुप्ता, सरिता सोनी, प्रभा सोनी, सरिता जायसवाल, प्रिय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### छह नए तकनीकी पाठ्यक्रम किए गए शामिल

# एसजीजीयू ने शिक्षण विभाग के लिए तैयार किए नए 24 विषयों के पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा आगामी सत्र से शिक्षण विभाग में विभिन्न 24 पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की राह आसान हो गई। विश्वविद्यालय के विद्या परिषद् एवं कार्यसमिति ने सभी नए विषयों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। संत गहिरा गुरू विवि ने नए सत्र से 20 नए पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव भेजा था लेकिन प्रस्ताव में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। विवि के अधिकारियों ने शासन को सीधे प्रस्तावित विषयों का नाम लिखकर भेज दिया था। छानबीन करने पर इस बड़ी लापरवाही की जानकारी मिली तो विवि द्वारा अब सारे नए विषयों का पाठ्यक्रम तैयार कराने के साथ ही विद्या परिषद् एवं कार्यसमिति की बैठक में अनुमति लेने के बाद पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव शासन को भेजने की तैयारी की जा रही है। नए प्रस्ताव में 4 तकनीकी रोजगार परक पाठ्यक्रमों को भी शामिल किया है। प्रस्तावित नए पाठ्यक्रमों में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विभिन्न 18 विषयों को शामिल किया गया है। इन सभी विषयों का पाठयक्रम भी निर्धारित किया गया है। नए प्रस्ताव में स्नातकोत्तर हिन्दू स्टडीज, भू-गर्भ शास्त्र, मानव विज्ञान, छत्तीसगढ़ी, एनसीटीई द्वारा अनुशंसित इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम आईटीईपी, एमएड, बी.लिब, एम लिब एवं बीपीएड को जोड़ा गया है। इनमें से कुछ पाठ्यक्रम पूर्व के प्रस्ताव में भी शामिल थे लेकिन पाठ्यक्रम निर्धारित करने के साथ ही अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के कारण प्रस्ताव खानापूर्ति साबित हो रहा था। अब सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विवि ने प्रस्ताव बनाया है इसलिए नए विषयों की स्वीकृति की राह आसान मानी जा रही है।

**खास बात**
- विद्या परिषद एवं कार्य परिषद ने प्रदान की स्वीकृति




#### राह में कई चुनौतियां

एसजीजीयू द्वारा शैक्षणिक विभाग में आगामी सत्र से एक साथ 24 विषयों को प्रारम्भ करने की राह में कई बड़ी चुनौतियां हैं। विवि के शिक्षण विभाग में वर्तमान में विभिन्न 7 पाठ्यक्रम संचालित है। शिक्षण विभाग प्रारम्भ से ही उधार के दो भवनों में संचालित हो रहा है। शिक्षण विभाग में प्राध्यापक का पद वर्षों से रिक्त हैं। सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पद पर अब तक नियुक्ति नहीं हुई है। 24 नए विषयों को प्रारम्भ करने के लिए भी सौ से अधिक सहायक प्राध्यापकों की जरूरत पड़ेगी। विवि द्वारा रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अब तक कोई पहल नहीं की गई है। उल्टा विवि ने शिक्षण विभाग के सहायक प्राध्यापकों को प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंप दी है। इधर पढ़ाई प्रभावित होने के कारण विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है तथा नए-नए विवाद सामने आ रहे हैं। शिक्षण विभाग का प्रयोजन मूलक हिन्दी विभाग लम्बे समय से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।

#### जगह की कमी सबसे बड़ी समस्या

एसजीजीयू के पास सबसे बड़ी समस्या भवन की है। भकुरा परिसर में वर्षों से चल रहा भवन निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। विवि प्रशासन ने समस्याओं को देखते हुए नए सत्र के पूर्व ही प्रशासनिक भवन एवं शिक्षण विभाग को भकुरा परिसर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। आडिटोरियम भवन में प्रशासनिक भवन एवं यूटिलिटी बिल्डिंग एवं निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के भूतल में शिक्षण विभाग को स्थानांतरित करने की तैयारी है। भकुरा परिसर में उपलब्ध भवनों से वर्तमान जरूरतें तो पूरी हो जाएंगी लेकिन नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिली तो भवन की समस्या होगी। एक विभाग को संचालित करने एक कमरा भी आवंटित किया जाए तो सभी विषयों के लिए न्यूनतम 24 कमरों की जरूरत पड़ेगी।

#### पाठ्यक्रम के लिए बीएचयू से मदद

वर्तमान में हिन्दू स्टडीज का पाठ्यक्रम बनारस हिन्दू विवि में संचालित है। हिन्दू धर्म की वैज्ञानिक परम्पराओं एवं विशाल प्राचीन विरासत पर आधारित इस विषय का पाठ्यक्रम अभी उपलब्ध नहीं हो सका है। पाठ्यक्रम तैयार करने विवि प्रशासन बीएचयू के प्राध्यापकों की मदद ले रहा है। पं.रविशंकर शुल्क विवि द्वारा संचालित विवि ने एमएड, बी.लिब, एम.लिब, बीपीएड, भूगर्भ शास्त्र एवं मानव विज्ञान का पाठ्यक्रम अंगीकार किया है जबकि एनसीटीआई द्वारा अनुशंसित इंट्रीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम का पाठयक्रम निधारित किया गया है।

#### पूरी कर ली गई है प्रक्रिया

नए पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव लेकर मैं स्वयं रायपुर जा रहा हूं। नए पाठ्यक्रमों की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शासन से संबन्धित विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान करने का भी अनुरोध किया जाएगा।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुल सचिव, एसजीजीयू

## अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नाबालिग किशोरी से प्रेम प्रसंग के दौरान नाबालिग के गर्भवती होने तथा बाद में पेट में गर्भ के मिस्कैरेज होने का मामला सामने आने पर चिकित्सक द्वारा मामले की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस को भेजने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी का थाना क्षेत्र के निवासी आरोपी ग्राम पंचायत कसकेला निवासी 24 वर्षीय सुनील पैकरा पिता धीरन पैकरा से प्रेम संबंध चल रहा था। गत दिनों 27 फरवरी को आरोपी ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिया था। घटना के करीब डेढ़ माह बाद नाबालिग को पेट दर्द की शिकायत होने के बाद जब वह अपने बहन के साथ जिला अस्पताल सूरजपुर उपचार के लिए पहुंची तब महिला चिकित्सक ने जांच में उसके गर्भवती होने और गर्भ के मिस्कैरेज होने की बात बताई। महिला चिकित्सक ने जब नाबालिग और उसके बहन से घटना की जानकारी ली तो उसके नाबालिग होने की पुष्टि हुई। चिकित्सक से पीड़िता द्वारा जब गर्भपात की आवश्यकता बताई गई तो नाबालिग का मामला होने से महिला चिकित्सक ने घटना की लिखित सूचना कोतवाली भेज दी। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता की रिपोर्ट को दर्ज करके केस डायरी जयनगर पुलिस को भेज दिया था। जयनगर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शनिवार को दुष्कर्म के आरोपी सुनील पैकरा को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।



- मामला संज्ञान में आने पर चिकित्सक ने दी थी पुलिस को लिखित सूचना

## कोयला लोड ट्रक खाई में गिरा, दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कुसमुण्डा से कोयला लोड कर बनारस जा रहे ट्रक के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से केबिन में बैठे एक चालक व खलासी की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक के वाहन से बाहर छलांग लगा देने से घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार चंदौली के अलीनगर निवासी राजेश कुमार यादव आ. सदलू यादव गत दिन ट्रक क्रमांक यूपी 65 एफटी 0036 से कुसमुंडा से कोयला लोड कर वापस बनारस जाने के लिए चालक राकेश कुमार मोर्या के साथ निकले। वाहन को राकेश कुमार मोर्या चला रहा था जबकि केबिन में चालक राजेश कुमार यादव व खलासी रामबाबू सोनकर बैठे थे। चालक राकेश कुमार मार्चा जैसे ही वाहन लेकर घाट पेंडारी के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। खाई में वाहन के गिरने के दौरान चालक वाहन से बाहर निकल गया जबकि केबिन में बैठे राजेश व राम बाबू वाहन में दब गए जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट सदलू यादव ने चंदौरा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पत्नी ने खाते से नहीं निकाली राशि तो पति ने उतार मौत के घाट

**अम्बिकापुर।** पत्नी बैंक खाते से पैसा नहीं निकाली तो पति ने न सिर्फ विवाद किया बल्कि पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गांधी नगर निवासी सफिरा तिग्गा पति सोनू तिग्गा (42 वर्ष) एक स्कूल में रसोइया का काम करती थी जबकि पति कुछ काम नहीं करता और शराब पीने का आदि था। महिला को वेतन उसके खाते में ही आता था। इधर शराब पीने का आदि पति 11 अप्रैल को पति ने शराब पीने के लिए पत्नी को खाते से रुपए निकालने को कहा तो पत्नी ने अपने बैंक खाते से रुपए निकालने से मना कर दी। बैंक से पैसा नहीं निकालने से पति नाराज हो गया और उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। हर रोज पति बैंक खाते से पत्नी को पैसा निकालने के लिए दबाव बनाने लगा और नहीं निकालने पर उसके साथ मारपीट करता। 13 अप्रैल को पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ तो पति ने पत्नी की बेदम पिटाई कर दी जिससे पत्नी पड़ोसी के यहां भागकर अपनी जान बचाई। दूसरे दिन पुनः पति शराब के नशे में पत्नी को पड़ोसी के घर से लेकर आया और मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे महिला बेहोश हो गई। पत्नी को अचेत देख पति ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात फरार हो गया। इधर महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाना भेज दी है।

## नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने पर 7 हजार का वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में अवैध पार्किंग सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिले में कुल 25 प्रकरणों में कार्रवाई कर 17 हजार रुपए से अधिक का चालान वसूला गया है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर सरगुजा पुलिस द्वारा जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा सड़क पर नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों, ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वालों, तीन सवार, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। लगातार चल रही कार्रवाई के बाद भी लोगों की आदतों में सुधार होता नजर नहीं आ रहा है यही वजह है कि अभी भी बड़ी संख्या में लोग यातायात नियमों को तोड़ते हुए पकड़े जा रहे है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर असवैधानिक पार्किंग, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामलो मे सख़्ती से कार्रवाई की गई व 25 प्रकरण दर्ज कर 17 हजार 300 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया हैं। नियमविरुद्ध तरीके से शहर में नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने के कुल 16 मामलों में 7 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। वहीं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो प्रकरण दर्ज कर 4 हजार रुपए व अन्य यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 5 प्रकरण में 5500 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है।

- कुल 25 मामलों में 17 हजार रुपए से अधिक का वसूला गया चालान



## पेज 1 के शेष...

### गांधी स्टेडियम में...

रहा है। पीएम के हेलीकॉप्टर समेत उनके साथ चलने वाले दो अन्य हेलीकॉप्टर की लैंडिंग गांधी स्टेडियम में कराई जाएगी। पीएम के कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा बीती रात से आम नागरिकों के लिए गांधी स्टेडियम को बंद कर दिया गया और निर्माण सामग्री भारी मात्रा में गिराई गई। वहीं आज सुबह से ही तेज गति से हेलीपेड बनाने का काम किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा सुरक्षागत कारणों से हेलीपेड का निर्माण गांधी स्टेडियम में कराए जाने की बात कही जा रही है लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इस बात की जानकारी निगम की निर्वाचित बॉडी के साथ निगम के अधिकारियों को भी नहीं दी गई।

### चार चार डॉक्टरों वाले...

होती है लेकिन रात के समय अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में ताला लगा हुआ था। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि चिकित्सक चौकीदार के भरोसे अस्पताल छोड़कर आखिर क्यों मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। यदि चौकीदार द्वारा गलत इंजेक्शन लगा दिया जाए तो किसी मरीज की मौत भी हो सकती है। अस्पताल में चिकित्सकों के नहीं होने पर परिजन मरीज को लेकर निजी डॉक्टर के पास गए इसके साथ ही घटना की शिकायत रघुनाथपुर चौकी में भी की है।

## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने कृषि प्रक्षेत्र का किया भ्रमण



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशानुसार एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने विषय सोशल आऊटरीच एंड स्कील डेव्हलपमेंट विषय के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण पर कृषि विज्ञान केन्द्र सलका प्रक्षेत्र बैकुंठपुर का विस्तार पूर्वक भ्रमण एवं अध्ययन किया।

महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र संकाय के विभाग प्रमुख वरूण कुमार कुशवाहा एवं विनय कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संकाय की समस्त छात्राओं ने उक्त मशरूम उत्पादन, जल संवर्धन, कंपोस्ट उर्वरक, औषधीय पौधों का अध्ययन एवं प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कमलेश सिंह एवं उनके सहयोगी वैज्ञानिक डॉ. केशवराज हंसा, शिक्षक विजय अनंत के द्वारा छात्राओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मशरूम उत्पादन के द्वारा आजीविका के स्त्रोत के रूप में अपनाए जाने के समस्त पहलुओं पर विस्तार से ज्ञानार्जन छात्राओं द्वारा किया गया। मशरूम के विभिन्न प्रकारों से लेकर उसके उत्पादन की पूरी प्रक्रिया एवं क्रियाविधि को छात्राओं के द्वारा समझा गया। नियमानुसार समस्त सावधानी रखते हुए शिक्षक विजय अनंत ने प्रक्षेत्र का बाहरी भ्रमण छात्राओं एवं शिक्षकों को करवाया एवं आवश्यक उपकरणों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान किया। अंत में शिक्षकों द्वारा महाविद्यालय प्रशासन की ओर से कृषि विज्ञान केन्द्र, सलका प्रक्षेत्र के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राएं वर्षा कुर्रे, गायत्री, साक्षी अरिना बेक, अमृता सिंह, सुमनलता सिंह, साक्षी, तारा, मीना, गायत्री राजवाड़े, राजकुमारी यादव, प्रियंका, इंजोरिया, रेशमा, अनिता,पूजा, मनीषा, नेहा, शिखा, ज्योति,जनिता आदि उपस्थित थे।




### अत्यधिक शराब ने से गंभीर व्यक्ति की गई जान

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बौरीपारा रिंग रोड निवासी बबलू चेरवा आ. जगदीश (60 वर्ष) शराब पीने का आदि था। शुक्रवार को अत्यधिक शराब पीकर घर आया और बिस्तर में सो गया। काफी देर तक नहीं जगा तो परिजन नशे में होने पर ध्यान नहीं दिया और शाम को उठा। दूसरे दिन सुबह भोजन करने के दौरान की बेहोश हो गया। वृद्ध की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां सर्जिकल वार्ड में ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

